

# शांति समिति की बैठक में छाया रहा प्रतिमा का मुद्दा

## महराणा प्रताप जयंती एवं मुहर्रम सौहार्द पूर्ण मनाने पर जोर, प्रतिमा को लेकर रखी लोगों ने अपनी बात

नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जून। शांति समिति की बैठक में आज प्रतिमा का मुद्दा छाया रहा। प्रतिमा को लेकर लोगों ने अपनी-अपनी बातें रखी।**



शांति समिति की बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद वर्मा एवं युवा समाजसेवी विनय सिंह बीनू तथा पुनीत नारायण शुक्ला द्वारा प्रतिमा को लेकर अपने विचार रखे। इनके द्वारा तत्संबंध में वैधानिक कार्यवाही पर जोर दिया गया। आगामी महाराणा प्रताप जयंती एवं मुहर्रम पर्व को जिले में शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर विकास मिश्रा, पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, नगर पालिका अध्यक्ष काजल वर्मा, विभिन्न समाजों एवं धर्मों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि जिले में सभी पर्व एवं आयोजन सामाजिक समरसता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हों, यह सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसी गतिविधि नहीं की जानी चाहिए जिससे जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार के जुलूस, शोभायात्रा अथवा सार्वजनिक आयोजन के पूर्व संबंधित विहित प्राधिकारियों से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। साथ ही आयोजकों को कार्यक्रम की सूचना पुलिस विभाग को भी देना आवश्यक होगा। किसी भी अप्रिय स्थिति के निर्मित होने पर संयम बनाए रखते हुए तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। कलेक्टर ने नगरीय निकाय एवं संबंधित विभागों को साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने, विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने तथा यातायात एवं पुलिस विभाग को सुचारू यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नगर पालिका परिषद सीधी की अध्यक्ष काजल वर्मा ने नगरीय क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन के साथ पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

### त्योहारों को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने पुलिस सतर्क : संतोष

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने कहा कि आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने सभी नागरिकों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री का प्रसार न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में नागरिकों की सहभागिता भी महत्वपूर्ण है।

# जनकल्याण शिविर में उमड़ा जनविश्वास, आवेदनों पर हुई कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जून। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत मझौली के प्रज्ञा भवन में 3 दिवसीय खंड स्तरीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ किया गया।**



12 से 14 जून तक आयोजित किए जा रहे इस शिविर के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता देखने को मिली, जिसने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाया। शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत की वन स्थायी समिति के सभापति कृष्णलाल पयासी, जनपद सदस्य आर.पी.त्रिपाठी, एसडीएम मझौली सुश्री सुरभि श्रीवास्तव, सीईओ जनपद पंचायत मझौली श्रीमती सरिता सिंह, जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एस.के.शुक्ला तथा अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर के पूर्व विकासखंड की ग्राम पंचायतों में व्यापक जनजागरण एवं प्रचार-प्रसार अभियान चलाया गया। ग्राम सभाओं, मुनादी, जनप्रतिनिधियों, सचिवों, रोजगार सहायकों तथा मैदानी अमले के माध्यम से ग्रामीणों को शिविर की जानकारी दी गई। साथ ही उनकी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन भी पूर्व से प्राप्त किए गए, ताकि शिविर में उनका त्वरित निराकरण किया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि जनकल्याण शिविर शासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बनकर उभरे हैं। इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाओं, प्रमाण-पत्र, शिकायतों का निराकरण, हितलाभ वितरण तथा योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है जिससे आमजन को त्वरित राहत मिल रही है। प्रथम दिवस लगभग 2500 आवेदनों के संबंध में कार्यवाही की गई।

# संभागीय प्रभारी ने ली भाजपा की जिला बैठक, बताएं संगठन चलाने के हुनर

नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जून। भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी एवं रीवा संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता, जिला संगठन प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री व पूर्व चुरहट विधायक शरदेंदु तिवारी की विशिष्ट उपस्थिति में संपन्न हुई।**




जिला, मोर्चा और मंडल अध्यक्षए प्रकोष्ठों के जिला संयोजक एवं मंडल प्रभारियों को संबोधित करते हुए भाजपा के संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे ने संगठनात्मक वृत्त के पश्चात विगत दिनों संपन्न हुए कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। संभागीय प्रभारी श्री दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में बैठकों का क्रम राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक मासिक रूप से संपन्न हो रहा है जिसका परिणाम एक ओर संगठन को मजबूती प्राप्त हो रही है तो वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचने में सहायता मिल रही है। जिला संगठन प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी ने संगठन को शक्ति केन्द्र और पोलिंग बूथ तक ले जाने की रणनीति और महत्व कार्यकर्ताओं को बताए। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने स्वागत भाषण के पश्चात विगत दिनों संपन्न हुए कार्यक्रमों एवं आगामी कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी बैठक में रखी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय और आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष विश्व बंधुधर द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी, अशोक पटेल, उषा गोपाल पटेल, मनीला सिंह चौहान, अखिलेश पाण्डेय, चंद्रपाल सिंह उइके, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्रमणि दुबे सहित पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।

# नाटक वैष्णव की फिसलन की प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जून। एक्सट्रीम आर्ट एंड एजुकेशनल सोसायटी सीधी के तत्वाधान में रोली मेमोरियल सभागार में हरिशंकर परसाई की प्रसिद्ध व्यंग्य रचना वैष्णव की फिसलन पर आधारित एकल नाट्य प्रस्तुति का सफल आयोजन किया गया।**



प्रस्तुति इन्द्रवती नाट्य समिति सीधी गुरु-शिष्य परम्परा अंतर्गत अनुदान प्राप्त संस्था द्वारा दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा इंद्रशरण सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि शोभा रेड्डी एवं अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रमोहन गुप्ता ने की। नाटक में अभिनेता सजल मिश्र ने एकल अभिनय के माध्यम से विभिन्न पात्रों को जीवंत कर दर्शकों की भरपूर प्रशंसा अर्जित की। प्रस्तुति ने हास्य के माध्यम से समाज में व्याप्त नैतिक दोहरेपन, धार्मिक पाखंड और मानवीय कमजोरियों को उजागर किया। दर्शक पूरे समय प्रस्तुति से जुड़े रहे और कई प्रसंगों पर तालियों से कलाकार का उत्साहवर्धन किया। नाटक की संगीत परिकल्पना एवं निर्देशन रोशनी प्रसाद मिश्र तथा संगीत संयोजन हिमांशु मिश्रा द्वारा किया गया। संगीत सहयोग में देवेन्द्र तिवारी, नागेन्द्र सिंह, अमितेश द्विवेदी, अंकुश पाण्डेय, शिवम् पाठक, वतन एवं शुभ सिंह का विशेष योगदान रहा। प्रकाश परिकल्पना रजनीश कुमार जायसवाल, वस्त्र सज्जा प्रजीत कुमार साकेत तथा प्रस्तुति संयोजन नीरज कुंदेर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपेन्द्र सिंह प्रदेश अध्यक्ष पटवारी संघ, मीना गुप्ता, अमित गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, स्वामीशरण कुशवाहा, पुष्पा सिंह एवं आराधना सिंह, रसिक बिहारी मिश्र, उमेश मिश्र सहित अनेक गणमान्य नागरिकों एवं सुधी दर्शकों की विशेष उपस्थिति रही। आयोजन समिति की ओर से बाबूलाल कुंदेर, रोशनी प्रसाद मिश्र, रजनीश कुमार जायसवाल, प्रजीत कुमार साकेत, सृजन मिश्र एवं प्रियांशु मिश्र उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### दो मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत



**चुरहट।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चुरहट विकास आनंद द्वारा प्राकृतिक आपदा एवं जल दुर्घटना से मृत्यु के दो प्रकरणों में मृतकों के निकटतम वारिसों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर नैकिन तहसील अंतर्गत ग्राम भितरी जुजहारी में 2 मई 2026 को आंधी-तूफान के दौरान महुआ वृक्ष की डाल गिरने से भोले कोल की गंभीर रूप से घायल होने के बाद उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतक की पत्नी श्रीमती प्रनिया कोल को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम अमिलई निवासी 17 वर्षीय विकास सिंह गोंड की 7 मई 2026 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतक के पिता श्री रामसुमिरन गोंड को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह सहायता राशि राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के प्रावधानों के तहत स्वीकृत की गई है।

### प्रदेशव्यापी विधिक साक्षरता शिविर आज

**सीधी।** श्रवण एवं वाक् बाधित व्यक्तियों को उनके विधिक अधिकारों, उपलब्ध कल्याणकारी योजनाओं एवं विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 13 जून 2026 को प्रदेशव्यापी विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का ऑनलाइन शुभारंभ कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति द्वारा प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में सांकेतिक भाषा दुभाषिए (साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर) की व्यवस्था रहेगी, जिससे श्रवण एवं वाक् बाधित प्रतिभागी कार्यक्रम की जानकारी को आसानी से समझ सकेंगे। शिविर में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों, विभिन्न शासकीय कल्याणकारी योजनाओं, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, लोक अदालतए मध्यस्थता तथा अन्य विधिक सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने श्रवण एवं वाक् बाधित व्यक्तियों तथा उनके परिजनों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर उपलब्ध विधिक सेवाओं एवं अधिकारों की जानकारी प्राप्त करने की अपील की है।

### योग एवं सूर्य नमस्कार को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील

**सीधी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने जिले के समस्त औद्योगिक प्रतिष्ठानों, संस्थानों, श्रमिक संगठनों, नियोजकों एवं श्रमिकों से आगामी 14 जून 2026 को आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम तथा 21 जून 2026 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल के कल्याण आयुक्त द्वारा योग एवं सूर्य नमस्कार को श्रमिकों की दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए विशेष पहल की गई है। इसके अंतर्गत ''योग एसेंशियल्स एंड सूर्यनमस्कार'' की अवधारणा साझा करते हुए श्रमिकों को नियमित रूप से योग एवं सूर्य नमस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग एवं सूर्य नमस्कार न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं बल्कि मानसिक संतुलन, कार्यक्षमता एवं सकारात्मक जीवनशैली के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नियमित योगाभ्यास से श्रमिकों की कार्यक्षमता और उत्पादकता में वृद्धि होती है तथा वे स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवन व्यतीत कर सकते हैं। कलेक्टर ने सभी नियोजकों से अनुरोध किया है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों को योग एवं सूर्यनमस्कार के प्रति जागरूक करें तथा उन्हें नियमित रूप से योगाभ्यास के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि 14 जून को आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम तथा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिकाधिक श्रमिकों एवं कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन, आयुष विभाग एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा योग को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में सभी प्रतिष्ठानों, श्रमिक संगठनों एवं नागरिकों की सहभागिता इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाएगी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिलेवासियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा योग एवं सूर्यनमस्कार को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही स्वस्थ सीधी, स्वस्थ मध्यप्रदेश और स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है।



# विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने किया पहाड़ी तहसील लिंक कोर्ट का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जून। विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत पहाड़ी में तहसील लिंक कोर्ट पहाड़ी का शुभारंभ विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने दीप प्रज्वलन कर एवं मत्रोंचार के साथ तथा फीता काटकर किया।**

कार्यक्रम में तहसीलदार ने लिंक कोर्ट की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही बहु प्रतीक्षित मांग पूरी होने जा रही है। पहाड़ी एवं आसपास के गांव के लोगों को नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भू अभिलेख सुधार एवं अन्य राजस्व प्रकरण के मामले में दूरस्थ तहसील कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे बल्कि स्थानीय स्थल पर ही उनके प्रकरणों का निराकरण संभव होगा। जब प्रशासन लोगों के करीब पहुंचता है तो समस्याओं का समाधान तेजी से होता है एवं जनता का विश्वास भी बढ़ता है। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज इस क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो रही है उन्होंने सरपंच द्वारा प्रस्तुत मार्ग पत्र में प्रत्येक मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर के नेता एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कर चुके हैं लेकिन इस क्षेत्र का कोई विकास नहीं हुआ था। प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद ही क्षेत्र का संपूर्ण विकास हो रहा है। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, मंडल अध्यक्ष जयशंकर द्विवेदी, सिद्धार्थ गौतम, गजराज सिंह, कपूर साहू, जयप्रकाश पाण्डेय तहसीलदार, राकेश वैश्य टीआई सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## टास्क फोर्स समिति की बैठक 15 को

**सीधी 12 जून।** कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम तथा प्रभावी नियंत्रण के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक 15 जून को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध संयुक्त रूप से की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। साथ ही सोन घड़ियाल अभयारण्य क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर नियंत्रण की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा होगी। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

# दो दिवसीय शिक्षक प्रेरणा एवं दक्षता संवर्धन कार्यशाला आयोजित



नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जून। कलेक्टर के निर्देशानुसार विकासखंड सीधी में आयोजित दो दिवसीय 10 से 11 जून को शिक्षक प्रेरणा एवं गुणवत्ता संवर्धन कार्यशाला के द्वितीय बैच का समापन हुआ।**

कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के व्यक्तित्व विकास, शैक्षणिक दक्षता में वृद्धि तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना रहा। बीआरसीसी डॉ.राजेश पाण्डेय ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यालय विकास एवं प्रबंधन, प्रभावी शिक्षण कौशल, टीचिंग-लर्निंग मटेरियल के उपयोग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, एनसीएफ-2023, प्रयोगशालाओं के शैक्षणिक उपयोग, शिक्षा में नवाचार, शैक्षिक संवाद तथा विद्यार्थियों के अधिगम परिणामों में सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद शिक्षा केन्द्र सीधी द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए सभी प्रतिभागी शिक्षकों का ऑनलाइन पोस्ट मूल्यांकन कराया गया तथा उनके ई-मेल आईडी पर डिजिटल प्रमाण-पत्र प्रेषित किए गए। शिक्षकों ने तत्काल प्रमाण-पत्र डाउनलोड किए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अभयराज योगी, धीरज सिंह चौहान, राजेश सिंह गहरवार, दयाशंकर पांडे, राजकुमार सिंह सचिन हलवाई एवं राजेश बहादुर सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कांग्रेस की अंतर्कलह, अंदरुनी षड्यंत्र का शिकार हुई मीनाक्षी नटराजन : रीती

नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जून। सीधी विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती रीती पाठक ने राज्यसभा की कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त होने और कांग्रेस द्वारा प्रलाप और हल्ला हो हल्ला करने पर त्वरित टिप्पणियां व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस की अंतर्कलह, अंतर्विरोध, गुटबाजी, लापरवाही, अंदरूनी षड्यंत्र का मीनाक्षी नटराजन शिकार हुई है।**



विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि बहन मीनाक्षी के प्रति मेरी गहरी संवेदना है किन्तु मीनाक्षी नटराजन का कोई पहला उदाहरण नही है। इसके पहले भी कांग्रेसी आपसी खिंचतान कर घोषित प्रत्याशियों को मैदान से हटा चुके हैं। जिसके प्रमुख उदाहरण गुजरात की सूरत लोकसभा सीट 2024 से नीलेश कुंभानी शिकार हुए, मुकेश दलाल भाजपा निर्विरोध निर्वाचित हुए। म.प्र. की विदिशा लोकसभा सीट से 2009 में राजकुमार पटेल, उ.प्र. की बांसगांव लोकसभा सीट 2019 में कुश सौरभ राव, उ.प्र. की अम्बेडकर नगर लोकसभा सीट 2019 में उम्मेद निषाद, महाराष्ट्र की रामटेक लोकसभा सीट से 2019 में रश्मि बर्वे कांग्रेस की गुटबाजी और अंतर्कलह के शिकार हुए और उनके पर्चे और उनका नामांकन रद्द हुआ। सीधी विधायक और पूर्व सांसद श्रीमती रीती पाठक ने कांग्रेस को खरी खरी सुनाते हुए कहा कि आज कांग्रेस की नीति और नीयत देश के सामने स्पष्ट है। नामांकन में पूर्ण जानकारी न देना कांग्रेस नेताओं के आपसी षडयंत्र और महिला विरोधी सोच को बताता है। विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि देश की जनता जनार्दन को कांग्रेस से सचेत और जागरूक रहने की जरूरत है। ऐ कांग्रेसी जब इनका हित पूरा नहीं होगा, तो वह किसी अन्य का हित नहीं करेंगे।

# अतिक्रमण की चपेट में भुईमाड़ बाजार, नाली व सड़क पर कब्जा



नवभारत न्यूज

**कुसमी 12 जून। जनपद कुसमी के ग्राम पंचायत भुईमाड़ के बाजार वाले स्थल का मामला सामने आया है जहां कि सड़क और नाली दोनों अतिक्रमण की चपेट में है।**

दर्जनों से भी ज्यादा स्थानीय दुकानदारों के सड़को पर अवैध अतिक्रमण के कारण पूरा मुख्य सड़क मार्ग ही सकरा हो गया है। इससे वाहन चालकों व राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नही ग्राम पंचायत द्वारा बनाये गए नाली को भी लोगों द्वारा जाम कर दिया गया है जिससे आये दिन व बरसात के दिनों मे पूरे बाजार मे जल भराव की भी स्थिति निर्मित हो जाती है। यहां मुख्य बाजार मे दुकानदारों ने दुकान के सामने सड़क व नाली के ऊपर अवैध रूप से चौकान बनाकर व टेबल कुर्सी आदि लगाकर सड़क व नाली पर अतिक्रमण किया है। सड़क मे अतिक्रमण करने का खुलासा तब हुआ जब बुधवार को ग्राम पंचायत की मांग पर राजस्व अमले द्वारा भुईमाड़ बाजार सड़क सीमा का नाप किया गया। हालांकि पंचायत के सरपंच-सचिव द्वारा स्पष्ट रूप से मीडिया से जानकारी देते हुए बताया गया है कि अतिक्रमण कि वजह से सड़क के एक तरफकी नाली पूरी तरह से जाम हो चुकी है जबकि सड़क के दूसरी तरफ की नाली का कार्य कराना अभी बांकी है। उनका कहना है कि बाजार पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त होना चाहिए, जिससे नाली के माध्यम से पानी की निकासी हो सके और दूसरी तरफ भी नाली निर्माण का कार्य हो सके।

### इनका कहना है

सड़क को खोद दिया गया है नाली जाम हो गयी, कुछ लोग नाली पर अतिक्रमण किये हुए हैं एवं नाली वाले मार्ग पर भी अतिक्रमण किये हुए हैं। नाप हो गया है अतिक्रमण हटाने की मांग प्रशासन से की जाएगी।

**लल्ली देवी, जंग बहादुर सिंह सरपंच, ग्राम पंचायत भुईमाड़**

पंचायत द्वारा एक तरफ नाली निर्माण किया गया है एवं दूसरी तरफ भी नाली निर्माण का कार्य किया जायेगा। पंचायत की मांग पर सड़क की सीमा निकाला हूं। 15 से 20 लोगों द्वारा सड़क की सीमा को अतिक्रमण कर लिया गया है एवं द्वार के सामने चौकान बनाया गया है।

**राजेश सिंह, पटवारी भुईमाड़**

पंचायत अगर चाहेगी तभी नोटिस जारी होगी। जिन्होंने अतिक्रमण किया है, अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

**दीनबंधु प्रजापति, नायब तहसीलदार कुसमी**

# छात्र की रेलवे स्टेशन में बेरहमी से पिटाई

नवभारत न्यूज

**सीधी 12 जून। सीधी के एक छात्र की रेलवे स्टेशन रीवा में बेरहमी से मारपीट कर जीआरपी पुलिस द्वारा 5 हजार रुपये छीनने का मामला सामने आया है। पुलिस कर्मियों के इस कृत्य के कारण ट्रेन छूट जाने से छात्र को सामान एवं किताबों से भी हाथ धोना पड़ा।**



तत्संबंध में पीड़ित छात्र प्रशांत रावत पिता मणिराज कोल निवासी ग्राम बगैहा गांधीग्राम ने बताया कि मैं इंदौर में आकार कोचिंग इंस्टीट्यूट में राज्य सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहा हूं। कुछ दिन पहले अपने गृह ग्राम आया था। कल 11 जून 2026 को रात 11 बजे रीवा से अम्बेडकर नगर चलने वाली ट्रेन से इंदौर जा रहा था। टिकट न मिलने के कारण जनरल बोगी में बैठा था, ट्रेन लेट थी इस वजह से वहीं नीचे खड़ा था। उसी दौरान रीवा के एक जीआरपी पुलिसकर्मी साथ में एक दबंग व्यक्ति को लेकर पहुंचा और पूंछा क्यों खड़े हो। उनको बताया गया कि इंदौर में कोचिंग पढ़ाई के लिए जा रहा हूं। यह सुनकर घसीट कर पुलिस कंट्रोल रूम ले गये। वहां मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए अकारण मारपीट कर 5 हजार रुपये छुड़ा लिए। छात्र का चप्पल और मोबाइल रख लिए। छात्र ने काफी आरजू मिन्नत कर कहा कि छोड़ दिया जाये, ट्रेन के साथ उसका बैग भी चला जायेगा, किंतु जबरन बैठाकर रखा गया। एक घंटे बाद बड़े अधिकारी के आने के बाद छोड़ा गया। किसी तरह आज सुबह 11 बजे सीधी आया। पीड़ित छात्र ने शासन-प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।